प्रादेशिक समाचार
24.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में तेरह नवंबर को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन, काफी संख्या में प्रत्याशियों ने आज दाखिल किये नामांकन के परचे।
2. झामुमो के वरिष्ठ नेता सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट, भाजपा से नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी चंदनक्यारी और कांग्रेस के रामेश्वर उरावं ने लोहरदगा से भरा नामांकन, विभिन्न राजनीतिक दलों के कई अन्य दिग्गजों ने भी दाखिल किये नामजदगी के परचे।
3. नामांकन दाखिल करने वाले पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में भाजपा और झामुमो के नेताओं ने जनसभाओं को किया संबोधित।
4. चक्रवात दाना आज रात ओड़िसा और पश्चिम बंगाल की तट से टकरायेगा, झारखंड में भी अलर्ट। रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ भारी से भारी बारिश की चेतावनी।
5. केन्द्र सरकार ने दीपावली और छठ पर सात हजार स्पेशल ट्रेन चलाने की दी मंजूरी।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज काफी संख्या में प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। इनमें झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट, भाजपा के वरिष्ठ नेता सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी चंदनक्यारी और कांग्रेस नेता सह राज्य के मंत्री डा. रामेश्वर उरांव लोहरदगा, इरफान अंसारी जामताड़ा और बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर पूर्वी से नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा झामुमो के वरिष्ठ नेता और विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, कल्पना सोरेन, भाजपा के सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, जीतू चरण राम, राजेश कच्छप, जदयू के सरयू राय, कांग्रेस के अजय नाथ शाहदेव और शिल्पी नेहा तिर्की समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ–साथ कई निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपनी नामजदगी के परचे भरे। पहले चरण के लिए कल नामांकन की आखिरी तारीख है। पहले चरण में 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे।

***************

भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में आज कई केन्द्रीय मंत्रियों और राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। रांची जिले की विभिन्न विधानसभा सीटों के लिए पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकना भाजपा का एकमात्र लक्ष्य है।

***************

गुमला के सिसई विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री फगन सिंह कुलस्ते ने दावा किया कि राज्य में बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनेगी।

***************

इधर, जमशेदपुर में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आदिवासियों का अस्तित्व बचाने के लिए राज्य में भाजपा की सरकार जरुरी है।

***************

उधर, बरहेट विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने के बाद झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दावा किया कि भाजपा चाहे जितनी भी ताकत लगा ले, लेकिन राज्य में एक बार फिर सरकार इंडी गठबंधन की ही बनेगी।

***************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लगभग 27 करोड़ के अवैध सामान और नकद जब्त किये गये हैं। रांची में पत्रकारों से बातचीच में उन्होंने यह भी बताया कि हर मतदाता तक सूचना पर्ची पहुंचाने का काम 26 अक्तूबर से शुरू होगा।

***************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से आज विधानसभा चुनाव के सिलसिले में अंशकालिक संवाददाताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। रांची स्थित सूचना भवन के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नेहा अरोड़ा ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। डाक्टर अरोड़ा ने सी–विजिल और वोटर हेल्पलाइ एप समेत अन्य चुनावी प्रक्रिया की जानकारी साझा की।

***************

विधानसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह जिले में झारखंड की संस्कृति को आधार बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

***************

चक्रवात दाना आज रात ओड़िसा और पश्चिम बंगाल की तट से टकरायेगा। इसे लेकर झारखंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम तथा सरायकेला समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ भारी से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि दाना चक्रवात ओड़िशा और बंगाल के तट से टकरायेगा, जिसका व्यापक असर झारखंड के कई इलाकों में देखने को मिलेगा।

***************

रेलवे दीपावली और छठ महापर्व को देखते हुए सात हजार स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। आज केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई है। बैठक के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे के स्पेशल ट्रेन चलाए जाने के फैसले से हर रोज करीब दो लाख यात्रियों को फायदा मिलेगा।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई थी। उनकी याचिका पर कल सुनवाई होगी।

********समाप्त********